# नौकरी प्राप्त युवक व रिश्तेदारों के खातों में करोड़ों का ट्रांजेक्शन

## जिप शिक्षक बैंक में पदभर्ती घोटाला

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**अचलपुर, 22 दिसंबर** - अमरावती जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक में जिस उम्मीदवार को नौकरी दी गई है, उस युवक और अध्यक्ष गोकुल राऊत के बैंक खाते से करोड़ों का ट्रांजेक्शन हुआ है, यह बात रिपोर्ट में स्पष्ट हो चुकी है. उल्लेखनीय है कि, बैंक के अध्यक्ष गोकुल राऊत के खाते से बहुत ही कम दिनों में मात्र चार बार लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन हो चुका है. यह आंकड़े देखकर आम आदमी को आश्चर्य हो रहा है.गोकुल राऊत के खाते से 18 दिसंबर 2023 को 7 लाख 34 हजार 345 रुपए, 22 जनवरी 2024 को 12 लाख 50 हजार रुपए तथा 14 मार्च 2024 को 25 लाख का व्यवहार हुआ है. कुल मिलाकर 57 लाख 34 हजार 345 रुपए का व्यवहार खाते में किया गया है. कर्मचारी पदभर्ती के समय ही यह व्यवहार हुआ है, इसलिए आशंका बढ़ रही है. इतनी कम कालावधि में अगर लाखों का




व्यवहार होता है, तो सालभर में कितना व्यवहार होता होगा, यह सोचने लायक बात है. अध्यक्ष गोकुल राऊत के पास इतनी रकम कहां से आई, इसकी ईडी जैसी स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पारदर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए, ऐसी प्रतिक्रिया व्यक्त हो रही है.अध्यक्ष गोकुल राऊत के व्यवहार के अलावा उस कर्मचारी के करीबी रिश्तेदारों के 47 बैंक खातों की जांच करने पर उनमें पदभर्ती की कालावधि में 2 करोड़ 92 लाख 73 हजार रुपए का व्यवहार हुआ है, यह सिर्फ शिक्षक बैंक की शाखाओं में जमा रकमों के आंकड़े हैं. इनमें अन्य सरकारी तथा निजी बैंकों के ट्रांजेक्शन का समावेश नहीं है. उसका हिसाब किया गया तो यह आंकड़ा कई गुना बढ़ सकता है. बैंक में नियुक्त उस युवक और उसके रिश्तेदारों के बैंक ट्रांजेक्शन का हिसाब करने पर एक सीट के लिए कम से कम 20 से 40 लाख रुपए रिश्वत लिए जाने का प्राथमिक अनुमान है. शिक्षक बैंक के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी संचालक तथा परीक्षा लेने वाली संस्था सभी मिलकर इसमें कोई घोटाला न रहने का दावा कर रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट देखने पर घोटाले को पुष्टि हो रही है. इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जांच अधिकारी गिरमे से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि, इस मामले की व्याप्ति बड़ी रहने से उससे जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### बैंक को मिली है नोटिस

कर्मचारी भर्ती मामले में अध्यक्ष व संचालकों पर भादंवि की धारा 420, 120 ब के तहत अपराध दर्ज हुए हैं. राजापेठ पुलिस ने शिक्षक बैंक को भेजी नोटिस मिली है, इस मामले से जुड़ी जानकारी उन्होंने मांगी है.
राजाभाऊ देशमुख, महाप्रबंधक शिक्षक सहकारी बैंक अमरावती

# अमरावती विवि में आज से शोध महोत्सव

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 दिसंबर - संगाबा अमरावती विवि में 23 और 24 दिसंबर को विद्यापीठ स्तरीय आविष्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. विद्यार्थियों में शोध वृत्ति बढ़ाने के नजरिये से आयोजित इस दो दिवसीय शोध महोत्सव प्रतियोगिता का उद्घाटन 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे फिजिक्स विभाग के सेमिनार हॉल में होगा. समारोह का अध्यक्ष पद कुलगुरु डॉ. मिलिंद बारहाते विभूषित करेंगे. प्रमुख अतिथि के तौर पर रातुम नागपुर विद्यापीठ के पूर्व कुलगुरु डॉ. सिद्धार्थ विनायक



काणे, प्र-कुलगुरु डॉ. महेंद्र ढोरे की उपस्थिति होगी. प्रतियोगिता का समापन 24 दिसंबर को दोपहर 3 बजे विवि परिसर के एवी थिएटर में होगा. कार्यक्रम में अध्यक्ष कुलगुरु डॉ. मिलिंद बारहाते, प्रमुख अतिथि डॉ. मृणालिनी फडणवीस (पूर्व कुलगुरु, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापुर विद्यापीठ), प्र-कुलगुरु डॉ. महेंद्र ढोरे उपस्थित रहेंगे.

# राजू डांगे की सिफारिशें आयोग को प्रस्तुत



अमरावती - राजू डांगे के कुष्ठबंधुओं के लिए संशोधन के अनुमान व सिफारिशें मानवाधिकार आयोग को प्रस्तुत किये. जिला सिविल सर्जन डॉ. दिलीप सौंदळे और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश आसोले के हाथों मानवाधिकार आयोग दिल्ली के विशेष मॉनिटर प्रदीपका नायक को प्रस्तुत किये. यह सिफारिशें व अनुमान निश्चित ही कुष्ठबंधुओं के मानवाधिकार की सुरक्षा के लिये और उन्हें उत्तम पद्धति से सेवा देने उपयोगी साबित होंगे, ऐसा लगता है.



# चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली!

## विद्यार्थियों ने किया हंगामा, परीक्षा रद्द करने का निर्णय

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर** - चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के रिक्त लिपिक व सिपाही पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया था. शहर के विभागीय क्रीड़ा संकुल परिसर में प्रोबिटी इन्फोटेक स्थित परीक्षा केंद्र पर यह परीक्षा शुरू थी, किंतु सुबह 10 बजे पहली ही शिफ्ट के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन टिकमार्क किए हुए जवाब यह कुछ समय बाद बदलने की बात ध्यान में आई, जिससे पुलिस को परीक्षा केंद्र पर बुलाया गया. पश्चात यह परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया.

परीक्षा केंद्र पर धांधली की खबर मिलते ही प्रहार जनशक्ति पार्टी ने भी परीक्षा रद्द करने की मांग की. चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के 261 लिपिक व 97 सिपाही पद के लिए 7 अक्टूबर को विज्ञापन प्रकाशित हुआ था. इस पद के लिए राज्य भर से हजारों विद्यार्थियों ने आवेदन किए. जिससे 21, 22 व 23 दिसंबर को इन पदों के लिए राज्य के 37 केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था.

### दिल्ली की आईआईटी कंपनी ने ली परीक्षा

यह परीक्षा दिल्ली स्थित एक आईआईटी कंपनी द्वारा ली गई. अमरावती शहर के विभागीय क्रीड़ा संकुल परिसर में प्रोबीटी इन्फोटेक केंद्र पर परीक्षा का आयोजन किया गया था. किंतु पहले ही शिफ्ट में हंगामा खड़ा हुआ. विद्यार्थियों के जवाब सबमिट नहीं होने तथा कुछ के जवाब अचानक बदलने के आरोप किए गए. विद्यार्थियों ने हंगामा करते ही आईआईटी कंपनी ने परीक्षा रद्द की.

### अब 23 दिसंबर को होगी परीक्षा

इसी बीच प्रहार जनशक्ति संगठन के महानगर अध्यक्ष बंटी रामटेके, छगन चव्हाण, रोशन गवई व कुणाल खंडारे ने परीक्षा में धांधली होने के कारण यह परीक्षा रद्द करने की मांग जिलाधिकारी से की. उसके बाद शनिवार को हुई परीक्षा रद्द कर 23 दिसंबर को ली जाएगी.

# हरिभाऊ कलोती का किया गया अभिवादन



## स्मृति दिवस पर कार्यक्रम

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 दिसंबर - अमरावती शहर के आखरी नगराध्यक्ष स्व. हरिभाऊ कलोती के 44वें स्मृति दिन पर मंडल की ओर से उन्हें विनम्र अभिवादन किया गया. इस अवसर पर स्व. हरिभाऊ कलोती के अर्धाकृति पुतले को पूर्व सांसद अनंत गुढे, मंडल के कार्याध्यक्ष व पूर्व महापौर विलास इंगोले, पूर्व सभापति विवेक कलोती ने पुष्पमाला अर्पण की. इस समय विलास इंगोले और अनंत गुढे ने स्व. हरिभाऊ कलोती के जीवन कार्यों की जानकारी दी. स्व. हरिभाऊ कलोती ने अपने नगराध्यक्ष पद के कार्यकाल में शहर में अनेक विकास कार्य करते समय मालटेकडी पर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का अश्वारुढ़ पुतला विराजमान करने का अविस्मरणीय कार्य किया, वह यादें विलास इंगोले ने अपने मनोगत में ताजा कीं.

इस अवसर पर मंडल के उपाध्यक्ष डॉ. किशोर फुले, कोषाध्यक्ष दिलीप दाभाडे, मंडल के सचिव दिलीप कलोती, ज्ञानेश्वर हिवसे, नंदू गुंबळे, सदस्य किशोर कलोती, रामा चावंडे, कृषि उपज बाजार समिति के संचालक प्रमोद इंगोले, अरुण इंगळे, सुशील कथलकर, नितिन सराफ, बजरंग जयस्वाल, सतीश चौधरी, राजीव पिंजरकर, नीलेश सराफ, संतोष चिखलकर, संजय मुचळंबे, मयूर जलतारे, प्रवीण चौधरी, शिवम हेगु, वैभव कोनलाडे, श्याम शिंगारे, संजय हिरपुरकर, राजेश जायदे, रघु निमगांवकर, अजू शहा, प्रेमानंद पुसतकर, राहुल पळसकर, गिरीश चौधरी, दीपक इंगळे, जयंत कलोती, रेवण पुसतकर, डॉ. ज्ञानेश्वर पवार, अनिकेत ढेंगले, अशोक बामंणगावकर, नाना उदापुरे, शुभम काशीकर, संतोष चिखलकर, बाळ वानखडे, तन्मय कलोती, कृष्णा हिवसे, रोशन पुसतकर सहित मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.


# जन्मदिन मुबारक



राहुल गोयल मो. 9822295832
देवेंद्र मालपाणी मो. 9422156541
उमेश महेंद्र मो. 9422830110
अमित तिडके मो. 07212578901
जयश्री पनपालिया अमरावती
निक्कु खालसा अमरावती
महेश पारवानी अमरावती
राजेश्वर पांडे अमरावती
सुमंत सवई अमरावती
मान्या पिंजानी अकोला
साक्षी लुडवानी अमरावती
रोहन पाटिल अमरावती
विजय मोहता अमरावती
पुष्पा जैन अमरावती
सुरज खत्री मो. 9423735514
वर्षा धिंग्रा अमरावती
मन्नत घुंडीयाल अमरावती
उत्कर्ष बसंतवानी अमरावती

आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

जिनका फोटो आज के जन्मदिन कॉलम में छपा है, वे फोटो कटिंग साहिल ऑप्टीकल में देकर इम्पोटेड गॉगल प्राप्त करें. यह ऑफर सिर्फ आज ही के दिन है.

साहिल ऑप्टीकल
राजापेठ पुलिस स्टेशन के पास अमरावती, मो.9325717817


### राष्ट्रीय पोषण दिन मनाया

अमरावती - शहरी स्वास्थ्य केंद्र मसानगंज अंतर्गत संत कबीर नगर में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल काळे के मार्गदर्शन में शहरी स्वास्थ्य पोषण दिन और राष्ट्रीय टीबी दूरीकरण कार्यक्रम मनाया गया. डॉ. विक्रांत राजुरकर व डॉ. स्नेहल पवार ने टीबी के लक्षण दिखने पर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में इसकी जानकारी देने को कहा. टीबी का सरकार द्वारा मुफ्त उपचार मिलता है, ऐसी जानकारी दी. प्रतिभा चव्हाण उपस्थित थे.

### दिनदर्शिका

**▶▶ संतरा उत्पादकों की कार्यशाला**
**स्थान** :माधवराव काठीवाले सभागृ वरुड

**▶▶ भाऊसाहब देशमुख जयंत उत्सव**
**स्थान** : आदर्श हाईस्कूल तथा कमवि दर्यापुर
**समय** : सुबह 8 बजे

**▶▶ रुखमणी पाठ साहब**
**स्थान** : गुरुद्वारा, बूटी प्लॉट
**समय** : सुबह 7.30 बजे

**▶▶ श्री गिरीराजधार्याष्टकम महोत्सव पर वचनामृत**
**स्थान** : रामार्पण लॉन, दीपार्चन
**समय** : दोपहर 3 बजे

**▶▶ डॉ. पंजाबराव देशमुख, स्मृति व्याख्यानमाला**
**स्थान** : विमलाबाई देशमुख सभागृह, विद्यापीठ
**समय** : शाम 6 बजे

**▶▶ विश्व मांगल्य सभा द्वारा अग्नितारा प्रशिक्षण शिविर**
**स्थान** : विश्व मांगल्य सभागृह, सुभाष कालोनी
**समय** : सुबह 9 बजे

**▶▶ बिरला ओपन माइंडस स्कूल का वार्षिकोत्सव**
**स्थान** : बिरला ओपन माइंडस स्कूल, रेवसा
**समय** : दो. 4 बजे



# दादासाहब खडसे का अनशन सफल

*अमरावती,*-स्थानीय कैम्प परिसर के व्यंकय्यापुरा, इंदिरा गांधी नगर, चिलम छावनी के नागरिकों को उनके घर का मनपा की ओर से पीआर कार्ड व पट्टे दिये जाएंगे, ऐसा आश्वासन मनपा ने अनशन कर रहे दादासाहब खडसे को दिया. उपरोक्त मांग के लिये भीमसेना के संस्थापक अध्यक्ष दादासाहब खडसे ने विद्यापीठ रोड पर 16 दिसंबर से बेमियादी अनशन शुरू किया था. इस आंदोलन की दखल लेकर मनपा प्रशासन ने भीमसेना की मांग योग्य है, व्यंकय्यापुरा, इंदिरा गांधीनगर, चिलम छावनी के नागरिकों को उनके घर का पीआर कार्ड नियमानुसार दिया जाएगा, ऐसा आश्वासन आंदोलन स्थल पर दिया है. 3 दिन तक चले इस अनशन का समापन मुफ्ती साहब साथ ही मनपा अधिकारियों के हाथों दादासाहब खडसे को नींबू शरबत देकर किया गया. आंदोलन की सफलता के लिए भीमसेना के केंद्रीय सचिव मनोज ढवळे, शम्मी शाह, मोबीन शाह, हरकिसन तायडे पाटिल, भाऊराव गडलिंग, भाऊराव भमकाळे, गजू कांबळे, प्रकाश ढावफळे, धम्मू यादव, श्याम यादव आदि ने सहयोग किया.

# कार्यालयों में शिकायत निवारण समिति गठित करें

## जिलाधीश ने दिए आदेश

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर** - ड्यूटी की जगह पर महिलाओं की प्रताड़ना पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्यालयों में शिकायत निवारण समिति गठित करना आवश्यक है. इसमें सभी शासकीय, अर्ध शासकीय कार्यालय, सहकारी संस्था, क्रीड़ा संकुल, प्रेक्षागृह, मॉल्स, अशासकीय संगठन, ट्रस्ट अस्पताल, क्रीड़ा संस्था, वाणिज्य, शैक्षणिक, औद्योगिक कार्यालय शैक्षणिक संस्था में 10 अथवा 10 से ज्यादा कर्मचारी रहने पर शिकायत निवारण समिति गठित करना अनिवार्य किया गया है. अंतर्गत समिति स्थापन न करने वाले कार्यालयों का लाइसेंस रद्द अथवा आगे व्यवसाय शुरू रखने पर रोक लगाई जाएगी. इस तरह के निर्देश जिलाधिकारी सौरभ कटियार ने दिए हैं.



काम की जगह पर महिलाओं की लैंगिक प्रताड़ना से संरक्षण अधिनियम 2013 के तहत शिकायत समिति में कम से कम पांच सदस्य रहने चाहिए. समिति की अध्यक्ष महिला ही रहनी चाहिए. समिति में 50 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं का समावेश रहना चाहिए, समिति में एक अशासकीय सदस्य का समावेश रहना चाहिए, इस नियम पर प्रभावी अमल व कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी ने जिला व तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति की है. जिला व बालविकास अधिकारी कार्यालय कैम्प रोड, महिला व बालविकास भवन, अमरावती के तहत शिकायत निवारण समिति गठित करने की रिपोर्ट पेश करने और कार्यालय से प्रमाणपत्र हासिल करने का आवाहन भी जिलाधिकारी ने किया है. सभी कार्यालयों ने तत्काल अंतर्गत शिकायत निवारण समिति की रिपोर्ट जिला महिला व बालविकास अधिकारी को सौंपने का आवाहन जिलाधिकारी ने किया है.

# कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नायर का आजाद पार्टी में प्रवेश

## सैकड़ों कार्यकर्ता भी हुए शामिल

**अमरावती, 22 दिसंबर**- आजाद समाज पार्टी की महाराष्ट्र प्रदेश की विभागीय बैठक के दौरान सांसद एड. भाई चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रा. राजन नायर ने अपने सैकडों कार्यकताओं के साथ आजाद समाज पार्टी में प्रवेश किया. इस अवसर पर केंद्रीय प्रभारी गौरी प्रसाद उपासक तथा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष



मनीष साठे मुख्य रूप से उपस्थित थे. जल्द ही प्रा. नायर को आजाद समाज पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की जानकारी गौरी प्रसाद उपासक तथा प्रदेश अध्यक्ष मनीष साठे ने दी. सांसद एड. भाई चंद्रशेखर आजाद सडक से लेकर संसद तक बहुजन हित में तथा उनके अधिकारों के लिए प्रयास करते हुए देखकर और उनके संघर्ष के प्रति प्रभावित होकर प्रा. नायर ने बहुजन समाज हित के लिए आजाद समाज पार्टी में प्रवेश किया.

# थाय बॉक्सिग प्रतियोगिता के लिए कार्तिक व एकलव्य का चयन

आर्वी, 18 दिसंबर - जिला खेल संकुल, वर्धा में 13 दिसंबर को हुई विभागीय शालेय थाय बॉक्सिग क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 में अंडर-17 व 19 लड़के/लड़कियों में कार्तिक चौकडे और एकलव्य मनवटकर का राज्यस्तरीय थाय बॉक्सिग प्रतियोगिता के लिये चयन हुआ है. इय चयन पर दोनों खिलाड़ियों का कृषक इंग्लिश विद्यालय, आर्वी, कृषक इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल आर्वी तथा खेल अधिकारी सायनी चेन्नवार, थाय बॉक्सिग एसो. वर्धा के अध्यक्ष संग्राम मोहिते, सचिव मो. सलीम शेख, पंच मो. सलीम, अजय खेडकर, वैदेही जगताप, अनिरुद्ध खोडके, विराज कुऱ्हाडे तथा समाजबंधु किशोर हिंगलासपुरे, रवि गोडबोले, ज्ञानेश्वर आसोले, विनोद चौकडे, सुनील टाके, मनोज गोडबोले, आशीष गुल्हाने, धनंजय चौकडे, अतुल जयसिंगपुरे, सुरेंद्र गोठाने, अरुण काहारे तथा सभी खिलाड़ियों व शिक्षकों ने अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी.

# 31 मार्च से पहले पूरे होंगे जलजीवन मिशन के 337 काम !

## निधि वापस लौटानी पड़ी तो कार्रवाई के संकेत

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर** - केंद्र सरकार ने हर घर जल संकल्पना के तहत 2024 तक देश के सभी ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन देकर पर्याप्त व शुद्ध पेयजल देने के लिए जलजीवन मिशन शुरू किया है. जिसके अंतर्गत हर परिवार को प्रति व्यक्ति 55 लीटर के हिसाब से पानी दिया जाएगा. इसके लिए जिले की 14 तहसीलों में ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने 666 योजनाएं मंजूर की



हैं, उसमें से अब तक 329 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं. शेष 337 काम प्रगति पथ पर हैं. उसके लिए 100 करोड़ रुपए की निधि आवश्यक है. लेकिन यह सभी काम पूर्ण करने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक की डेडलाइन भी दी है, तब तक काम पूर्ण नहीं हुआ तो संबंधितों पर कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं.जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाना जलजीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य है. जनसंख्या के साथ पेयजल की समस्या भी गहराती जा रही है. ग्रामीणों को पानी के लिए कोसों दूर जाना पड़ता है, सिंचाई के लिए किसानों को पानी नहीं मिलता. इसलिए सरकार ने जनजीवन मिशन शुरू किया है, इस अभियान अंतर्गत जहां पानी की सुविधा नहीं है ऐसे स्थान पर घर-घर तक पाइपलाइन द्वारा पानी पहुंचाया जाएगा, इस योजना को सरकार ने हर घर जल ऐसा नाम दिया है. हर परिवार को नल कनेक्शन देकर जलापूर्ति की जाएगी. अब तक अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं. योजना अंतर्गत 666 स्थानों पर जल उपलब्ध कराना है. उसके लिए 260 करोड़ की लागत अनुमानित है. उसमें से अब तक 160 करोड़ की लागत से 329 योजनाएं पूर्ण हुई हैं. शेष 337 काम प्रगति पथ पर रहकर उसके लिए 100 करोड़ की निधि आवश्यक है. हर व्यक्ति को 55 लीटर के हिसाब से जल देने के लिए हर घर नल से जल यह उपक्रम चलाकर नल कनेक्शन दिए जाएंगे. 2-3 माह में सभी शेष काम पूर्ण करने की चुनौती संबंधित विभाग के सामने है, अगर निधि लौटानी पड़ी, तो कार्रवाई का डर भी है.